प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 06.03.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बजट के बाद कृषि और ग्रामीण परिवर्तन वेबिनार को किया संबोधित : रसायन मुक्त खेती और प्राकृतिक खेती को सुदृढ करने के साथ निर्यात पर ध्यान देने पर दिया जोर।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में 50 दोपहिया क्विक रिस्पॉन्स टीमों को दिखाई हरी झंडी : कहा– जीरो टॉलरेंस और जीरो करप्शन की प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है सरकार।
3. नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को मिला सिक्योरिटी वेटिंग क्लीयरेंस, डीजीसीए ने भी जारी किया एयरोड्रम लाइसेंस : उड़ानों की शुरुआत का रास्ता हुआ साफ। और
4. संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा परीक्षा–2025 का अंतिम परिणाम किया घोषित : अनुज अग्निहोत्री ने हासिल की पहली रैंक, शामली की आस्था जैन को मिला नौवां स्थान।

———————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और दीर्घकालिक विकास यात्रा का महत्वपूर्ण स्तंभ है। कृषि और ग्रामीण परिवर्तन विषय पर बजट उपरांत वेबिनार को वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से

संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए नियमित रूप से कई कदम उठाएं हैं। बाइट.....

*कृषि विश्वकर्मा ये सब हमारी अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है। एग्रीकल्चर भारत की लॉन्गटर्म डेवलपमेंट जर्नी का स्ट्रैटेजिक पिलर भी है और इसी सोच के साथ हमारी सरकार नेकृषि सेक्टर को लगातार मजबूत किया है।*

प्रधानमंत्री मोदी ने रसायन मुक्त खेती और प्राकृतिक खेती को सुदृढ़ करने के साथ निर्यात पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट 2026–27 में उच्च मूल्य कृषि उत्पाद पर भी विशेष ध्यान दिया गया है।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में 50 दोपहिया क्यूआरटी क्विक रिस्पॉन्स टीमों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये 50 दोपहिया वाहन उत्तर प्रदेश पुलिस के बेड में शामिल हुए हैं। इन वाहनों का उपयोग बार्डर जनपदों में कानून व्यवस्था बनाये रखने और आपातकालीन स्थिति या अपराध होने पर पुलिस की तरफ से तत्काल कार्रवाई के लिए किया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरक्षा विकास की कड़ी है। सरकार जीरो टॉलरेंस और जीरो करप्शन की प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। पिछले 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश को लेकर परसेप्शन बदला है। बाइट.....

*अर्थव्यवस्था का एक ग्रोथ इंजन बनने की दिशा में किए जाने वाली इस प्रयास की कड़ी सुरक्षा से ही प्रारंभ होती है। मैं हमेशा इस बात को बोलता हूं और मेरा मानना भी है विकास की पहली शर्त होती है सुरक्षा। आज का यह समारोह हमारे लिए महत्वपूर्ण इसलिए है कि नौ वर्षों में जो यह परिवर्तन देखने को मिला है, ओवरऑल परसेप्शन यूपी का जो चेंज हुआ है, इसके लिए कुछ कदम बढ़ाए गए थे, कुछ रिफॉर्म किए गए थे। ट्रांसफॉर्मेशन बगैर रिफॉर्म के नहीं हो सकते।*

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज कानपुर नगर के नवाबगंज स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय सनातन धर्म विद्यालय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचार परिवार की समन्वय बैठक में शामिल हुए। बैठक में आगामी 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर संगठनात्मक रणनीति, जनसंपर्क अभियान और अन्य राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की गई। बीजेपी कानपुर–बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बताया कि समन्वय बैठक में विभिन्न क्षेत्रों की प्रगति को लेकर भी चर्चा की गयी। बाइट.....

*तमाम समविचारी संगठन जो एक विचार के लिए काम करते हैं, समय–समय पर बैठते रहते हैं। यह कोई पहली बार नहीं है। उसी क्रम में सब लोग अपने–अपने क्षेत्र के प्रगति के बारे में कोई कठिनाइयां हैं। उन सब के विषय में एक समन्वय बैठक थी जिसमें सब लोगों ने अपने–अपने क्षेत्र के प्रगति और अपने–अपने विषयों की जानकारी दी है।*

———————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर परियोजना को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मिली है। एयरपोर्ट को ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी की ओर से सिक्योरिटी वेटिंग क्लीयरेंस मिल गया है। यह प्रक्रिया एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्थाओं की विस्तृत जांच के बाद पूरी की जाती है। यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी यीडा के सीईओ राकेश कुमार सिंह ने बताया कि एयरपोर्ट पर फ्लाइट संचालन शुरू होने से पहले सुरक्षा मानकों का परीक्षण अनिवार्य होता है। पेश है एक रिपोर्ट.....

*सिक्योरिटी वेटिंग क्लीयरेंस के साथ ही नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को अब डीजीसीए से एयरोड्रम लाइसेंस मिलने का रास्ता साफ हो गया है, जिसके बाद यहां से फ्लाइट ऑपरेशंस शुरू किए जा सकेंगे। प्रदेश सरकार ने इस एयरपोर्ट को राज्य के सबसे महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट के रूप में विकसित किया है। यह एयरपोर्ट न केवल पश्चिमी उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के लिए एक महत्वपूर्ण एविएशन हब के रूप में उभर रहा है। सरकार का मानना है कि इसके शुरू होने से प्रदेश में*

*निवेश, पर्यटन, लॉजिस्टिक्स और व्यापार को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। साथ ही हजारों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। समाचार कक्ष से ओम अवस्थी।*

————————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से आज जन भवन मं प्रेस इनफॉरमेशन ब्यूरो के अधिकारियों के नेतृत्व में कर्नाटक और त्रिपुरा राज्यों के 21 सदस्यीय मीडिया प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की और संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। संवाद कार्यक्रम में राज्यपाल ने मीडिया प्रतिनिधियों के साथ अपने अनुभवों और विभिन्न नवाचारों को साझा किया। इस अवसर पर एडीजी पीआइबी गुवाहाटी कृपा शंकर यादव, निदेशक पीआइबी लखनऊ दिलीप कुमार शुक्ला सहित विभिन्न मीडिया संस्थानों के पत्रकार उपस्थित रहे।

————————

सिविल सेवा परीक्षा– सीएसई 2025 का अंतिम परिणाम आज घोषित कर दिया गया है। संघ लोक सेवा आयोग– यूपीएससी ने बताया कि 659 पुरुषों और 299 महिलाओं सहित कुल 958 उम्मीदवारों को विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए अनुशंसित किया है। अनुज अग्निहोत्री ने पहला, राजेश्वरी सुवे दूसरा और अकांश ढुल ने तीसरा स्थान हासिल किया है। शामली जिले की आस्था जैन ने नौवां

स्थान हासिल किया है। आस्था की मां ममता ने इस पर खुशी जताई। बाइट.....

*बहुत खुशी का माहौल है। बहुत अच्छा लग रहा है आज। हमारी गुड़िया का सपना था बचपन से ही डीएम बनने का और उसने 3 साल लगातार प्रयास किया अभी। फर्स्ट अटेम्प्ट में वह आईपीएस आई थी। 131 रैंक आई उसकी और सेकंड में 181 रैंक आई है और अब नौवीं रैंक लाकर तो उसने बहुत ही अच्छा हमारा मन माहौल बहुत अच्छा कर दिया यहां का।*

अम्बेडकर नगर क पुरू दुबे को 86वीं रैंक, कुशीनगर के पवन कुमार पांडेय को 138वीं, गौतमबुद्ध नगर की मुस्कान वर्मा को 771वीं, अम्बेडकर नगर विपिन यादव को 316वीं रैंक मिली है।

25 मई 2025 को आयोजित प्रारंभिक परीक्षा के लिए 9 लाख 30 हजार से अधिक उम्मीदवारों ने आवेदन किया था।

———————————

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य  ने आज वाराणसी में विभागीय अधिकारियों के साथ विकास कार्यों और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की। उपमुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभागीय कार्य मॉडल वर्क आर टीम  भावना के साथ किए जाएं, ताकि विकास कार्यों में गति, पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके।

———————————

प्रदेश सरकार राज्य के राजकीय पक्षी सारस के संरक्षण और इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए सारस सर्किट की स्थापना करेगी। सारस सर्किट का विकास प्रदेश के मैनपुरी और इटावा जिलों के वेटलैंड्स में किया जा रहा है। पेश है एक रिपोर्ट.....

*सारस सर्किट परियोजनाओं का विकास ईको–टूरिज्म विकास बोर्ड के माध्यम से प्रदेश का वन विभाग कर रहा है। इसका उद्देश्य सारस पक्षी और वेटलैंड्स संरक्षण के साथ स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देना है। इसमें पर्यटकों की सुविधा के लिए सूचना केंद्र, ईको–टॉयलेट ब्लॉक, पार्किंग, इंटरैक्टिव साइनेज, फूड कियोस्क और ओडीओपी व स्मृति चिन्ह की दुकानें भी विकसित की जाएंगी। समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।*

————————

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के मद्देनजर, इंडिगो एयरलाइन ने पश्चिम एशिया और इस्तांबुल से आने–जाने वाली उड़ानों की टिकट रद्द कराने पर मिलने वाली पूरी छूट 31 मार्च तक बढ़ाने की घोषणा की है। इंडिगो ने बताया कि एयरलाइन ने यात्रियों का सलाह दी है कि यदि उनकी यात्रा निर्धारित है तो वे उड़ान की स्थिति के बारे में अपडेट रहें। साथ ही, अतिरिक्त सहायता या स्पष्टीकरण के लिए यात्री ग्राहक संपर्क केंद्र के नम्बर +91 124 617 3838 पर कॉल कर सकते हैं।

————————

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आकाशवाणी लखनऊ ने आज एक विशेष कार्यक्रम शक्ति रूपेण संस्थिता

का आयोजन किया। कार्यक्रम में नारी शक्ति के विभिन्न आयामों को रेखांकित करने वाले तीन सत्रों का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ बिरजू महाराज कथक संस्थान, लखनऊ की अध्यक्ष डॉ कुमकुम धर ने किया। इस अवसर पर आकाशवाणी लखनऊ के केंद्राध्यक्ष आर.बी. सिंह, कार्यक्रम प्रमुख सुमोना पांडेय सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

(समाप्त)